# १७वें वार्षिक प्रतिवेदन

# विषय वस्तु


पृष्ठ सं.

**1. गवर्नर मंण्डल 3**
- 1.1 भारत सरकार के प्रतिनिधि
- 1.2 ए आई सी टी ई के प्रतिनिधि
- 1.3 सहयोजित सदस्य
- 1.4 बैठकें

**2. शैक्षिणिक गतिविधियां 5**
- 2.1 फैलो कार्यक्रम
- 2.2 स्नातकोत्तर कार्यक्रम
- 2.3 क्षेत्र
- 2.4 सेक्टर
- 2.5 केन्द्र

**3. प्रबंधन विकास कार्यक्रम 16**
- 3.1 आयोजित एम डी पी

**4. संगठन आधारित कार्यक्रम 18**
- 4.1 चलाये गये ओ बी पी

**5. अनुसन्धान 20**
- 5.1 पूरी की गई परियोजनाएं
- 5.2 प्रारम्भ की गई परियोजनाएं
- 5.3 चल रही परियोजनाएं

**6. प्रकाशन 23**
- 6.1 आई आई एम बी मेनेजमेंट रिव्यू
- 6.3 अन्य प्रकाशन
- 6.4 शोध पत्र
- 6.5 वर्किंग पेपर

**7. परामर्शी 26**
- 7.1 सार संक्षेप
- 7.2 पूरी की गई परियोजनाएं
- 7.3 प्रारम्भ की गई परियोजनाएं
- 7.4 प्रगति पर परियोजनाएं

**8. स्थापना दिवस 28**

**9. संकाय 29**
- 9.1 नियुक्तियाँ
- 9.2 कारपोरेट नीति तथा पालिसी क्षेत्र
- 9.3 अतिथि (विजिटिंग) संकाय
- 9.4 संकाय विकास
- 9.5 कार्यशालाएँ/सेमिनार
- 9.6 अतिथि
- 9.7 बैठकें

पृष्ठ सं.

**10. पुस्तकालय 39**
- 10.1 नई पुस्तकें
- 10.2 परिचालन
- 10.3 बाहरी उपयोगकर्ता
- 10.4 उपयोग कर्ताओं के प्रकार
- 10.5 सुविधाएँ
- 10.6 समय

**11. संगणक (कम्प्यूटर) केन्द्र 40**

**12. छात्रावास 41**

**13. निर्माण 42**
- 13.1 पूरे किए गए कार्य
- 13.2 कार्य प्रगति पर
- 13.3 नए कार्य
- 13.4 परिसर भू - दृश्य निर्माण

**14. कार्मिक तथा प्रशासन 44**
- 14.1 स्टाफ संख्या
- 14.2 नियुक्तियाँ
- 14.3 विधि-विषयक मामले
- 14.4 अनुशासन
- 14.5 विभागीय कैंटीन
- 14.6 दूरसंचार सेवाओं में सुधार
- 14.7 सेटालाइट टेलिविज़न
- 14.8 परिवहन गैरज का स्थानांतरण
- 14.9 विद्युत भार के अंतरण में लचीलापन
- 14.10 नगर के कार्यालय को खाली करना
- 14.11 मितव्ययिता के उपाय
- 14.12 परिसर सुरक्षा

**15. भूतपूर्व छात्र संघ (एल्यूमिनी) 47**
- 15.1 एल्यूमिनी कार्यालय
- 15.2 अन्य गतिविधियां

**16. 31 मार्च 1992 तक का गवर्नर मण्डल 48**

**17. 31 मार्च 1992 तक के संकाय सदस्य 49**

**18. 31 मार्च 1992 तक के अधिकारी 50**

**19. वर्ष 1991-92 का लेखा विवरण 51**


IIMB
तेजस्वि नावधीतमस्तु

# 1. गवर्नर मण्डल

## 1.1 भारत सरकार के प्रतिनिधि

भारत सरकार द्वारा मनोनीत निम्नलिखित सदस्यों की 5 वर्ष की अवधि 4 नवम्बर 1991 को समाप्त हो गई:

**श्री वी. कृष्णमूर्ति**
सदस्य, योजना आयोग

**श्री रशीदुद्दीन खान**
निदेशक, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फेडरल स्टडीज़, नई दिल्ली

**श्री के. वी. के. राजू,**
अध्यक्ष,
नागार्जुन उद्योग समूह,
हैदराबाद

**श्री के के राव,**
भूतपूर्व अध्यक्ष,
कुद्रेमुख आयरन ओर कं लिo
बेंगलूर

**श्री संतप्पा,**
भूतपूर्व कुलपति,
मद्रास विश्व विद्यालय, मद्रास

**श्री ए के धन**
केम्ब्रिज स्कूल
राँची

भारत सरकार ने 23 जनवरी 1992 से उपर्युक्त स्थानों के लिए निम्नलिखित सदस्यों को मनोनीत किया:

**श्री एस पंडित,**
प्रबंध परामर्शदाता
सी-700, न्यू फ्रैंड्स कालोनी
नई दिल्ली - 110 065

**श्री टी बी सिंह,**
भूतपूर्व अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक,
भारत अल्यूमिनियम कम्पनी लि o,
बी-371 सरिता विहार,
नई दिल्ली - 110 044

**श्री पी सी नियोगी,**
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक,
एच एम टी लिमिटेड,
नैगम कार्यालय,
36, कन्निघम रोड,
बेंगलूर - 560 052

**श्री एस समद्दर,**
भूतपूर्व सचिव (इस्पात) और
भूतपूर्व सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग,
नई दिल्ली

**श्री एम एल शहारे,**
महा निदेशक,
डाo बाबा साहेब अम्बेडकर नेशनल
इंस्टीट्यूट ऑफ सोश्यल साइंसेज़,
54, आनंद नगर, चितवाड़ रोड,
इंदौर - 452 001

**श्री ए के धन,**
मुख्य प्रशासक,
केम्ब्रिज स्कूल,
टाटिसिलवई, रांची.

## 1.2 ए आई सी टी ई के प्रतिनिधि

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के प्रतिनिधि डाo ए एल मुदलियार (ए आई सी टी ई प्रतिनिधि) का 5 वर्ष का कार्यकाल 4 नवम्बर 1991 को समाप्त हो गया।

उनके स्थान पर, रेनबेक्सी लेबोरेटरीज़ लिo, 19 नेहरू प्लेस के उपाध्यक्ष व प्रबंध निदेशक डाo परविंदर सिंह को 28 फरवरी 1992 से मनोनीत किया गया।

## 1.3 सहयोजित सदस्य

मण्डल द्वारा सहयोजित निम्नलिखित सदस्यों का 5 वर्ष का कार्यकाल 31 दिसम्बर 1991 को समाप्त हो गया:

**श्री बी. जे. चाको,**
एडवोकेट व आयकर परामर्श दाता,
बेंगलूर

**श्री सी. एन. राव,**
निदेशक,
इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस,
बेंगलूर.

इनके स्थान पर मण्डल द्वारा 22 जनवरी 1992 से 5 वर्ष के लिए निम्नलिखित सदस्यों को सहयोजित किया गया:

**डॉ वी. ए. पाई पनंदिकर,**
निदेशक,
सेंटर फार पालिसी रिसर्च,
धर्म मार्ग चाणक्यपुरी,
नई दिल्ली - 110 021

**श्री एम. एस. पटवर्धन**
उपाध्यक्ष,
नेशनल आर्गेनिक केमिकल्स इंडस्ट्रीज़ लि o,
नरिमन पाइंट,
बम्बई.

31 मार्च 1992 को मणडल के सदस्यों की सूची प्रतिवेदन के अंत में दी गई है।

## 1.4 बैठकें

आई आई एम बी सोसाइटी, गवर्नर मण्डल और कार्यकारी समिति की बैठकें निम्नलिखित तिथियों को हुईः

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) | सोसाइटी | : | 15.04.91 |
| 2) | गवर्नर मण्डल | : | 15.04.91<br>2.08.91<br>28.10.91<br>22.01.92 |
| 3) | कार्यकारी समिति | : | 25.06.91<br>14.09.91 |

# 2. शैक्षणिक गतिविधियां

## 2.1 फैलो कार्यक्रम

श्री चेतन बजाज ने फैलो कार्यक्रम की आवश्यकताओं को पूरा कर लिया और उन्हें अप्रैल 1991 को उपाधि प्रदान की गई। उनके शोध प्रबंध का विषय था "विदेशी सहयोग, नीति सम्बंधी विकल्प, बात-चीत और कार्यान्वयन" और उनके संकाय निर्देशक प्रोफेसर एस. शिवरामू थे। उनकी मैसर्ज प्राइस वाटर डाउस नई दिल्ली में नियुक्ति हुई।

### 2.1.1 1991 के लिए प्रवेश

1990 में 422 की तुलना में वर्ष 1991 में प्रवेश के लिए 507 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। 1991 में प्रारम्भ होने वाले कार्यक्रम के लिए क्षेत्र/सेक्टर के सन्दर्भ में बातचीत प्रवेश के लिए 8 विद्यार्थियों का चयन किया गया। 7 ने प्रवेश लिया। न्यूनतम उपस्थिति आवश्यकताओं को पूरा न कर पाने के कारण एक को, छोड़ कर चले जाने के लिए कहा गया।

1991 के एफ पी एम बैच के लिए पहली बार क्षेत्र/सेक्टर के आधार पर प्रवेश दिया गया। यह इस उद्देश्य से किया गया कि क्षेत्र/सेक्टर अपने एफ पी एम विद्यार्थियों को प्रारम्भ से ही जान सके।

इससे क्षेत्र/सेक्टर को दूसरे वर्ष के लिए बेहतर उच्चस्तर के एफ पी एम पाठ्यक्रम तैयार करने और प्रदान करने के लिए एक वर्ष का अग्रिम समय मिल जाएगा।

### 2.1.2 1992 के लिए प्रवेश

प्रवेश के लिए 1,527 आवेदन पत्रों के लिए अनुरोध प्राप्त हुए और कुल 687 पूर्ण आवेदन पत्र जमा हुए। आवेदन पत्र में पिछले वर्ष 312 की तुलना में इस वर्ष भारी वृद्धि हुई है।

आवेदन पत्रों में वृद्धि के निम्नलिखित कारण हो सकते हैं:

1) भिन्न-भिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर व्यापक प्रचार।

2) एक पृष्ठ का बड़े आकार का पोस्टर विभिन्न शिक्षण संस्थाओं को इस उद्देश्य से भेजा गया कि संभावित विद्यार्थियों का ध्यान कार्यक्रम की ओर दिलाया जा सके।

3) एफ पी एम बुलेटिन के साथ आवेदन पत्र मंगाने के शुल्क में छूट प्रदान की गई। शुल्क अब भरे हुए आवेदन पत्र जमा करने पर लिया जाता है।

687 आवेदन पत्रों में से एफ पी एम समिति द्वारा 74 को शोध अभिरुचि, परीक्षा व साक्षात्कार के लिए छांटा गया।

**चुने गए 74 उम्मीदवारों का वर्गीकरण:**

| क्षेत्र/सेक्टर | संख्या |
|---|---|
| गुणात्मक पद्धति और सूचना प्रणाली | 25 |
| वित्त | 16 |
| विपणन | 13 |
| उत्पादन व प्रचालन प्रबंध | 6 |
| ऊर्जा | 6 |
| संगठनात्मक आचरण, कार्मिक प्रबंध और औद्योगिक संबंध | 3 |
| आर्थिक व सामाजिक विज्ञान | 2 |
| कृषि व ग्रामीण विकास केन्द्र | 2 |
| आवास व पर्यावरण अध्ययन केन्द्र | 1 |
| | 74 |

दिनांक 16 मार्च, 1992 को सभी क्षेत्रों एवं वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए एक अनुसंधान अभिरुचि परीक्षा (आर ए टी) आयोजित की गयी, और साक्षात्कार दिनांक 19 मार्च, 1992 को हुये।

### 2.1.3 एफ पी एम विद्यार्थियों की स्थिति

प्रथम वर्ष एफ पी एम के छह विद्यार्थियों के अलावा 17 विद्यार्थी फैलो कार्यक्रमों में अध्ययनरत थे। दिनांक 31 मार्च 1992 उनकी स्थिति निम्नानुसार थी:

| | |
|---|---|
| दूसरे वर्ष में | ... 4 |
| पाठ्यक्रम कार्य समाप्त करके व्यापक परीक्षा में बैठने वाले | ... 6 |
| शोध-प्रबंध चरण में | ... 6 |
| शोध-प्रबंध कार्य समाप्त करने के उपरांत बाह्य मूल्यांकन की प्रतीक्षा में | ... 1 |
| कुल | 17 |

### 2.1.4 सरकार से मान्यता

संस्थान ने सरकारी नौकरी में भर्ती के उद्देश्य से, एफ पी एम को प्रबंधन में पी एच डी के समकक्ष मान्यता दिलाने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय से अनुवर्ती कार्रवाई प्रारंभ की।

### 2.1.5 एफ पी एम सेमिनार

एफ पी एम विद्यार्थियों को वैकल्पिक अनुसंधान प्रणालियों की जानकारी देने के लिए पाँचवें और छठे सत्र में एफ पी एम सेमिनार सीरिज चलायी गयी। इन सत्रों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| व्याख्याता | दिनांक | शीर्षक |
|---|---|---|
| रणजीत धर | अक्तूबर 3, 1991 | रोज़गार एवं निर्धनता-उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय निवेश-उत्पादन प्रतिरूपण |
| जे. सी. भाटिया | अक्तूबर 10, 1991 | स्वास्थ्य प्रबंधन में क्षेत्र सर्वेक्षण प्रणाली |
| पी. आर. ब्रह्मानंद | अक्तूबर 30, 1991 | अर्थशास्त्र में अनुसंधान पद्धतियां |
| सुधीन्द्र शेपाद्रि | नवम्बर 13, 1991 | विपणन में अनुसंधान पद्धतियां |
| के. आर. एस. मूर्ति | दिसम्बर 12, 1991 | कारोबार नीति के अनुसंधान में प्रणाली-विज्ञान संबंधी मुद्दे |
| एम. आर. राव | जनवरी 8, 1992 | लॉट साइजिंग समस्यांओं को लागू करते हुए वृहदाकार स्थायी समस्याओं को हल करना |
| एम. एल. कादंबी उपाध्यक्ष इंडियन मार्केट रिसर्च ब्यूरो, बेंगलूर | जरवरी 22. 1992 | विज्ञापन में अनुसंधान पक्ष |
| सी. एम. रेड्डी | जनवरी 29, 1992 | संगठनों के अध्ययन के पहलू |

### 2.1.6 एफ पी एम विद्यार्थियों को पुरस्कार

श्री आर.एस. देसिकन, एक फेलोशिप विद्यार्थी द्वारा प्रोफेसर श्री वी.बी. कौज़ल्गी के साथ मिलकर लिखा गया लेख, जिसका शीर्षक "अनेलिसज़ ऑफ फर्टिलाइज़र मूवमेंट इन इंडिया यूजिंग ए कम्प्यूटर मॉडल" था, फर्टिलाइज़र न्यूज के अक्तूबर 1990 अंक में प्रकाशित किया गया। इस लेख को विपणन क्षेत्र में, फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

### 2.1.7 नियोजन

के. कुमार, जिन्होंने "ए स्टडी ऑफ कारपोरेट प्लानिंग इन इंडिया" विषय पर एफ पी एम शोध प्रबंध प्रस्तुत किया था, ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसिज़ में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने दिनांक मार्च 11, 1992 को अपना आखिरी पब्लिक डिफेंस दिया।

एम. एस. श्रीराम, जिन्होंने "ए स्टडी ऑफ इंडिकेटर्स ऑफ सिकनेस इन रूरल को-ऑपरेटिव्स" विषय पर अपना एफ पी एम शोध प्रबंध प्रस्तुत किया था, ने ग्रामीण प्रबंधन संगठन, आनंद में अतिथि संकाय के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने अपना आखिरी पब्लिक डिफेंस दिनांक मार्च 13, 1992 को दिया।

डा० जे. पी. साहू ने "ए कम्पैरेटीव अनैलेसिज़ ऑफ आर्गेनाइज़ेशन ऑफ हेल्थ केयर मशीनरी इन हॉस्पिटल्स" विषय पर अपना शोध प्रबंध दिनांक जनवरी 23, 1992 को प्रस्तुत किया। वे अपने मूल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मध्य प्रदेश में वापस चले गये हैं।

संजय गोयल ने लाल बहादुर शास्त्री एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन में, प्रबंध में रीडर पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने अपने शोध प्रबंध का मसौदा जमा किया है और अंतिम सेमिनार 27, मार्च 1992 को दिया। उनके अनुसंधान का विषय है "ए प्लानिंग मॉडल फार हाउसिंग कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री टू मीट द बेसिक नीड्स ऑफ शेल्टर।

## 2.2 स्नातकोत्तर कार्यक्रम

### 2.2.1 स्नातकोत्तर कार्यक्रम में 1991-93 बैच का प्रवेश

1 जुलाई 1991 से प्रारम्भ होने वाले 1991-93 बैच के स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए 157 विद्यार्थियों को

प्रवेश दिया गया। लगभग 12 प्रतिशत लड़कियाँ थीं और 19 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति के थे।

लिंग व अनुसूचित जाति/जनजाति के आधार पर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में भर्ती विद्यार्थियों का ब्यौरा

| लिंग | अनुसूचित जाति | जनजाति | सामान्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| पुरुष | 18 | 11 | 109 | 138 |
| महिलायें | 1 | 0 | 18 | 19 |
| कुल | 19 | 11 | 127 | 157 |

बैच में लगभग 69 प्रतिशत विद्यार्थी 19 से 23 के बीच की उम्र के थे। केवल लगभग 9 प्रतिशत स्नातक स्तर पर कला/विज्ञान विषय से थे।

| उम्र | | योग्यता | |
|---|---|---|---|
| उम्र (वर्ष) | कुल | उपाधि | कुल |
| 19-23 | 108 | कला | 6 |
| 24-26 | 43 | विज्ञान | 8 |
| 27 और ऊपर | 6 | इंजीनियरिंग (आई आई टी से अलग) | 63 |
| | | आई आई टी इंजी० | 64 |
| कुल | 157 | कुल | 157 |

बैच के 50 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों के पिता सरकारी नौकरी में थे। 50 प्रतिशत के लगभग विद्यार्थियों को किसी कार्य का अनुभव नहीं था।

| पिता का व्यवसाय | | अनुभव | |
|---|---|---|---|
| पिता का व्यवसाय | कुल | अनुभव | कुल |
| व्यापार | 12 | कोई अनुभव नहीं | 78 |
| व्यवसायी | 34 | 11 माह तक | 16 |
| सरकारी नौकरी | 82 | 12 से 23 माह तक | 24 |
| किसान | 0 | 24 से 33 माह तक | 26 |
| अन्य | 29 | 36 से 47 माह तक | 10 |
| | | 48 माह और ऊपर | 3 |
| कुल | 157 | कुल | 157 |

9 दुबारा परीक्षा देने वाले तथा 7 फैलोशिप विद्यार्थियों को मिला कर वर्ष 1991-92 में स्नातकोत्तर कार्यक्रम में 173 विद्यार्थी थे।

### 2.2.2 प्रारम्भिक कार्यक्रम

वर्ष 1991 में प्रवेश लेने वाले बैच के 19 पीजीपी तथा एक एफ पी एम के लिए अंग्रेज़ी भाषा, परिमाणात्मक निपुणता और लेखा विधि पर प्रारम्भिक कार्यक्रम चलाए गए।

### 2.2.3 पीजीपी के 1992-94 बैच का प्रवेश

भारतीय प्रबंध संस्थान के सभी केन्द्रों द्वारा प्रवेश परीक्षा संयुक्त रूप से 8 दिसम्बर 1991 को आयोजित की गई। संस्थान के सभी केन्द्रों के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर कुल 24,598 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया। यह संख्या दिसम्बर 9, 1990 को हुई परीक्षा के 20,846 छात्रों की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूर में 1990 वर्ष के 13,600 छात्रों की तुलना में इस वर्ष 14,300 छात्रों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया जो कि 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 845 छात्रों को सामहिक चर्चा और वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। साक्षात्कार देश में छह (6) केन्द्रों पर मार्च 1992 में किया गया।

चयन प्रक्रिया और प्रवेश के लिए चुने गए छात्रों को प्रवेश प्रस्ताव भेजने का कार्य अप्रैल 14, 1992 तक पूरा हो जाने की सम्भावना है।

### 2.2.4 छात्रवृत्तियाँ

संस्थान ने 1990-92 बैच के 48 और 1991-93 बैच के 41 छात्रों को फीस माफी के साथ-साथ 300 रु० प्रति माह की दर से 10 माह की योग्यता छात्र वृत्तियाँ प्रदान की गईं।

99 योग्यता छात्रवृत्तियों के अतिरिक्त निम्नलिखित 11 और छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गईं:

| 1990-92(दूसरा वर्ष) | | | 1991-93(पहला वर्ष) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रायोजक | संख्या | राशि वर्ष के लिए | प्रायोजक | संख्या | राशि वर्ष के लिए |
| सिटि बैंक | 2 | 350 | फाउंडेशन टू एड इंडस्ट्रि-यल रिकवरी | 3 | 360 |
| अल्यूमिनी संघ | 2 | 250 | एनसीईआरटी | 1 | 2700 प्रति वर्ष |
| | | | ट्राइबल वेलफेयर स्कालरशिप (एस सी/ एस टी(हैदराबाद) | 1 | 3350 प्रति वर्ष |
| | | | | 1 | 3015 प्रति वर्ष |
| | | | आई ओ सी (एमसी/ एस टी) | 1 | 9000 प्रति वर्ष |

### 2.2.5 पाठ्यक्रम संशोधन

कार्यक्रम की गुणवत्ता में संशोधन के अनेक कदम उठाए गए। पहले संकाय सदस्यों को काम देने के उद्देश्य से पी जी पी पाठ्यक्रमों को पढ़ाने के लिए दिया जाता था, चाहे उनकी विशेषज्ञता और कौशल पी जी पी पाठ्यक्रमों की आवश्यकता के अनुरूप न हों। इससे छात्रों और संकाय सदस्यों दोनों को ही असंतोष होता था।

1991-92 से संकाय सदस्यों को उनकी विशेषज्ञता और शोध के आधार पर पाठ्यक्रम देने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। पी जी पी कार्यक्रमों को संकाय सदस्यों के लिए मात्र पी जी पी अध्यापन कार्यभार बनाने के लिए नहीं प्रयोग किया जा रहा है। जहाँ पर कौशल व विशेषज्ञ अपर्याप्त हैं या नियमित संकाय सदस्य नहीं हैं वहाँ अतिथि संकाय सदस्यों को आमंत्रित किया जाता है।

पहले वैकल्पिक विषयों के लिए कक्षा में 120 या 140 की संख्या होती थी, जिससे पढ़ाने के स्तर, छात्रों की प्रतिभागिता, विचार-विमर्श और फीडबैक की तत्परता आदि पर प्रभाव पड़ता था। पहले कक्षाओं के बड़े आकार के दो मुख्य कारण थे, संकाय सदस्यों की कमी तथा ऐच्छिक विषयों की आपूर्ति - मांग का अंतर। जहाँ भी सम्भव हुआ है ऐच्छिक विषयों की कक्षाओं के आकार भी कम करके 60 से 80 छात्रों तक कर दिए गए हैं जिससे छात्रों और संकाय सदस्यों में विचार-विमर्श और फीडबैक में सुधार लाया जा सके।

प्रोफेसर वत्सला नागराजन की अध्यक्षता में एक पी जी पी परामर्शी समिति का गठन किया गया है।

I) आधारभूत पाठ्यक्रमों और उनकी विषय वस्तु निर्धारित करना,

II) आधारभूत विषयों को क्रमबद्ध करना,

III) प्रबंधकों की वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं के पाठ्यक्रमों में सुधार के लिए सुझाव देना।

समिति ने आवश्यकतानुसार उद्योग विशेषज्ञों, पुराने विद्यार्थियों (अल्यूमिनी) तथा अन्य लोगों से विचार-विमर्श किया। समिति की कई बैठकें आयोजित हुईं। यह आशा की जाती थी कि 1992-93 तथा इसके बाद से लागू करने के लिए इसके सुझाव प्राप्त होते रहेंगे।

### 2.2.6 पाठ्यक्रम

ऐच्छिक विषयों को प्रदान करने में 1991-92 से वृद्धि की गई। 1990-91 में 11 की तुलना में 1991-92 में 17 विषय दिए गए और पंजीकरण किया गया।

प्रारम्भ किए गए 6 नए पाठ्यक्रम निम्नलिखित हैं:

| शीर्ष | संकाय | पंजीकरण |
|---|---|---|
| विज्ञापन प्रबंध स्तर - 2 | सुब्रोतो सेनगुप्ता<br>एम. जे. ज़ेवियर | 35 |
| विज्ञापन प्रचालन प्रबंध | एएए आई *<br>पी.के. सिन्हा | 7 |
| भारतीय उद्यमियों की सर्वभौमिकता | एन.सी.बी. नाथ<br>एस.एल. राव<br>आर.जी. तगत | 57 |
| परियोजनाओं का पर्यावरणीय मूल्यांकन | ए. नागम्मा | 37 |
| प्रबंध अनुपालन में विशेषज्ञ पद्धति व ज्ञान आधार | एस. कृष्णा | 20 |
| सेवा विपणन प्रबंध | पी.के. सिन्हा<br>आर.जी. तगत | 53 |

* एसोसियशन आफ एडवरटाइजिंग एजेंसिज़ ऑफ इंडिया

6 नए विषयों का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है:

1. **विज्ञापन प्रबंध स्तर - 2**
   **एम.जी. जेवियर/सुब्रतो सेन गुप्ता**
   **(अतिथि संकाय)**

   विज्ञापन प्रबंध स्तर -2 शीर्षक का पाठ्यक्रम उच्च स्तर का पाठ्यक्रम है और यह उनके लिए है, जिन्होंने प्रोफेसर पीटर कोलाको द्वारा चौथे और पाँचवें सत्र में दिए विज्ञापन प्रबंध पाठ्यक्रम-1 को लिया है।

2. **विज्ञापन प्रचालन संबंध**
   **एएए ऑफ इंडिया और पी.के. सिन्हा**

   विज्ञापन प्रचालन प्रबंध पाठ्यक्रम एसोसिएशन ऑफ एडवरटाइज़िंग एजेन्सिज़ ऑफ इंडिया (एएए ऑफ इंडिया) के सहयोग से चलाया गया। पाठ्यक्रम व्यावहारिक पक्षों पर एएए ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष श्री बंटी पीरभाई ने काफी सहयोग प्रदान किया। यह पाठ्यक्रम उन पी जी पी विद्यार्थियों के लिए था जो विज्ञापन प्रबंध को अपने पेश के रूप में अपनाना चाहते थे।

3. **भारतीय उद्यमियों की सार्वभौमिकता**
   **एन.सी.बी. नाथ, एस.एल. राव और**
   **आर.जी. तगत**

   पाठ्यक्रम में भारतीय उद्यमियों के अंतर राष्ट्रीय करण पर प्रकाश डाला गया था। इसमें अंतरराष्ट्रीय सन्दर्भ में बात-चीत की दक्षता पर बल दिया गया है।

4. **परियोजनाओं का पर्यावरणीय मूल्यांकन**
   **एन. नागम्मा**

   पाठ्यक्रम को विभिन्न परियोजनाओं (11 मामलों पर चर्चा) के पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन करने की पद्धति पर केन्द्रित

किया गया है जिससे विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वातावरण का प्रतिबिम्ब प्राप्त हो सके।

5. **प्रबंध अनुपालन में विशेषज्ञ पद्धति व ज्ञान आधार**
**एस. कृष्णा**

प्रबंध अनुपालन में विशेषज्ञ पद्धति व ज्ञान आधार पाठ्यक्रम में स्वतः शोध व प्रायोगिक ज्ञान द्वारा उन समस्याओं को हल करने की प्रणाली को सम्मिलित किया गया जिनके लिए औपचारिक नमूने और पूर्व निर्धारित दशमलव प्रणाली नहीं है। पाठ्यक्रम में आकड़ों पर आधारित तकनीक को विस्तारित किया गया जिससे और अधिक सामान्य ज्ञान को सम्मिलित किया जा सके।

**सेवा विपणन प्रबंध**
**पी.के. सिन्हा/आर.जी. तगत**

पाठ्यक्रम में उत्पादन की तुलना में सेवाओं पर प्रकाश डाला गया और सेवा क्षेत्र में विपणन थिममों की समझ को विकसित करने का प्रयास किया गया।

अतिरिक्त 11 ऐच्छिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ अतिथि विशेषज्ञों द्वारा नान-क्रेडिट वैकल्पिक पाठ्यक्रम दिए गए। कुछ उल्लेखनीय पाठ्यक्रम इस प्रकार हैं:

"ऑपरेशन ऑफ ए फोरन एक्सचेंज डीलिंग रूम" दिनांक 4 और 5 जनवरी को इंडियन बैंक, मद्रास के प्रमुख डीलर श्री एन. कृष्णमूर्ति द्वारा दिया गया।

"एसेसिंग द वर्किंग केपिटल रिक्वायरमेंट्स ऑफ बारोअर्स एण्ड मानिटरिंग द एमाउंट फाइनेंस्ड" जनवरी-फरवरी 1992 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मण्डल कार्यालय बेंगलूर के प्रशासनिक अधिकारी (पुनर्वास) ने 12 से अधिक सत्रों में दिया।

"12 सत्रों का एक मॉडल "एप्लिकेशन ऑफ कम्पयूटर सिस्टम्स इन फाइनेंशियल सर्विसेज़ जनवरी 1992 में सिटि कारपोरेशन ओवरसीज साफ्टवेयर लिमिटेड, बम्बई के वरिष्ठ कार्यपालक श्री रवि रामन ने दिया।

### 2.2.7 भौतिक सुविधाएँ

बड़ी कक्षाओं को छोटी में बदलने तथा अधिक वैकल्पिक विषय प्रारम्भ करने से और अधिक कक्षा के कमरों की आवश्यकता हुई। श्रवण व दृश्य और बैठने की सुविधाओं में सुधार लाया गया, बैठने की व्यवस्था नाल के आकार में पंक्ति बद्ध की गई जिससे विचार-विमर्श में और सुविधा हो। यद्यपि वर्तमान फर्नीचर अच्छा नहीं है तथापि फिलहाल इसे ही प्रयोग में लाया जा रहा है। भविष्य के सुधारों की योजना तैयार की गई है।

### 2.2.8 पी.जी.पी. के लिए नियोजन

#### 2.2.8.1 नियोजन पूर्व बातचीत:

वर्ष 1992 के लिए नियोजन कार्य नवंबर 15, 1991 से नियोजन पूर्व बातचीत (पीजीटी) और ग्रीष्मावकाश नियोजन साक्षात्कारों से शुरू हुआ। कुल 106 कंपनियों ने कैंपस नियोजन कार्यक्रम में रुचि दिखायी। 90 कंपनियों को साक्षात्कार आयोजित करने थे, जिनमें से 73 कंपनियों ने वास्तव में भाग लिया।

#### 2.2.8.2 ग्रीष्म:

1991-93 बैच के सभी 153 विद्यार्थी वर्ष 1992 के ग्रीष्मावकाश के दौरान विभिन्न संगठनों में नियोजित किये गये।

#### 2.2.8.3 स्थायी:

1990-92बैच के 181 विद्यार्थी, जिन्हें नियोजन की आवश्यकता थी, उपयुक्त रूप से नियोजित किये गये। तीन विद्यार्थियों को नियोजन की आवश्यकता नहीं थी। प्रारम्भिक मासिक आय रु. 3,000 से लेकर रु. 10,500 तक थी। औसत आय रु. 6362 थी।

| | |
|---|---|
| सेक्टर - वार विश्लेषित आंकड़े | |
| सार्वजनिक क्षेत्र | : 36 |
| निजी क्षेत्र | :145 |
| क्षेत्रवार विश्लेषित आंकड़े | |
| विपणन | : 73 |
| वित्त | : 41 |
| सिस्टम्स | : 21 |
| परामर्शी/कार्मिक | : 18 |
| परिचालन अनुसंधान | : 09 |
| निर्यात | : 03 |
| मुख्य भर्तीकर्ता | |
| आइशर गुडअर्थ | : 13 |
| विप्रो समूह | : 12 |
| राष्ट्रीय सूचना तकनीक संस्थान | : 10 |
| ब्लो प्लास्ट लिमिटेड | : 9 |
| नागार्जुन साइनोड | : 9 |
| सिटीकॉर्प ओवरसीज़ सॉफ्टवेअर लिमिटेड | : 8 |
| शॉ वैलेस | : 8 |
| एएनज़ेड ग्रिंडलेज बैंक | : 8 |
| यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया | : 8 |

| | | |
|---|---|---|
| ए.एफ. फगर्युसन | : | 7 |
| ऐपल इंडस्ट्रीज़ | : | 7 |
| यूनिलिवर | : | 6 |
| टाइटन वाचेज़ | : | 5 |
| मारूति | : | 5 |
| टाटा आयरन एंड स्टील कं० | : | 5 |
| टाटा कन्सलटेंसी सर्विसिज़ | : | 5 |

### 2.2.9 नेक्सस

नेक्सस - आई आई एम-बी का उपभोक्ता मेला, "जीवन-शैली" विषय को लेकर, अक्तूबर 5 और 6 1991 को आर एस आई क्लब ग्राउंड, बेंगलूर में आयोजित किया गया। इस वर्ष भाग लेने वाली कंपनियां थीं : ब्रुक बांड, आई सी आई, बैंक ऑफ अमेरिका, मदुरा कोट्स, विलटेक, प्रॉक्टर एंड गैम्बल तथा टाइटन। कंपनियों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं के अलावा, विद्यार्थियों ने सामाजिक विपणन तथा उपभोग्यता से संबंधित मुद्दों को समझने के लिए स्टॉल लगाये।

इस मेले में 4000 से अधिक अतिथि आये, कम्प्यूटर गेम्स इस मेले का मुख्य आकर्षण थीं, जिन्हें सामान्य वातावरण में, उपभोक्ता की पसंद की जानकारी लेने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। मेले में गेम्स के अध्ययन के माध्यम से प्राप्त जानकारी आई आई एम-बी में, जनवरी 18, 1992 को प्रस्तुत की गयी, जिसमें कम्पनियों के प्रतिनिधियों तथा विपणन अनुसंधान तथा विज्ञापन अभिकरणों के कार्यपालकों ने भाग लिया। श्री बी.आर. शाह, अध्यक्ष, लिप्टन इंडिया लि० अक्तूबर 5, 1991 को आर एस आई क्लब ग्राउंड में आयोजिल उद्घाटन समारोह तथा जनवरी 18, 1992 को आई आई एम-बी में आयोजित परियोजना प्रस्तुतीकरण समारोह, दोनों में ही मुख्य अतिथि थे।

### 2.2.10 दीक्षांत समारोह

16वाँ दीक्षांत समारोह अप्रैल 15, 1991 को आयोजित किया गया। श्री मनमोहन सिंह, भूतपूर्व अध्यक्ष यू जी सी (वर्तमान वित्त मंत्री, भारत सरकार) ने दीक्षांत अभिभाषण दिया। स्नातकोत्तर कार्यक्रम के 160 विद्यार्थियों (1989-91 बैच के 141 तथा 1988-90 बैच के 19) तथा फैलो कार्यक्रम के एक विद्यार्थी को इस समारोह के अवसर पर डिप्लोमा तथा टाइटल दिये गये। इसके साथ ही, आई आई एम-बी से पी जी पी करने वालों की संख्या 1553 तथा फैलो विद्यार्थियों की संख्या 38 हो गयी।

## 2.3 क्षेत्र

### 2.3.1 आर्थिक और समाज विज्ञान क्षेत्र

आर्थिक और समाज विज्ञान क्षेत्र के सदस्यों ने पी जी पी और एफ पी एम कार्यक्रमों में 6 मूल विषय और दो ऐच्छिक विषय पढ़ाये। इस क्षेत्र ने संस्थान के तथा बाहरी एजेंसियों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया। इस क्षेत्र के सदस्यों ने बाहरी एजेंसियों द्वारा आयोजित सेमिनार और कार्यशालाओं में भी भाग लिया।

शोध कार्यों में निम्नलिखित क्षेत्रों को शामिल किया गया:

* तुलनात्मक आर्थिक पद्धति
* आंतरिक व्यापार और वित्त
* औद्योगिक अर्थ-शास्त्र
* भारत का आर्थिक उदारीकरण और
* इलेक्ट्रानिक्स के लिए बजट मॉडल, बुनियादी आवश्यकताएँ तथा विपणन सम्भाव्यताएँ

शोध कार्यो के आधार पर 9 प्रपत्र/लेख प्रकाशित हुए और अन्य 4 को प्रकाशित किया जा रहा है।

### 2.3.2 वित्त एवं नियंत्रण

पूर्व की भांति क्षेत्र ने पी जी पी के प्रथम वर्ष में 3 मूल विषय और दूसरे वर्ष में 7 ऐच्छिक विषय पढ़ाये। क्षेत्र ने फैलो कार्यक्रम के विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में भी भाग लिया।

क्षेत्र ने 4 प्रबंध विकास कार्यक्रमों और संगठन आधारित कार्यक्रमों में भाग लिया। क्षेत्र ने वरिष्ठ आई ए एस अधिकारियों के लिए उच्च स्तरीय वित्त प्रबंध पर दो प्रशिक्षण कार्यक्रम दिए। अन्य क्षेत्रों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी इस क्षेत्र के संकाय सदस्यों ने सहभागी संकाय के रूप में भाग लिया।

क्षेत्र के सदस्यों की रुचि के विषयों में भारतीय संदर्भ में पूंजीगत परिसम्पति मूल्य निर्धारण, मॉडल वैधता, केपिटल मार्किट रेगुलेशन म्युचुअल फंड, नीतिपरक वित्त प्रबंध, वित्तीय रिपोर्टिंग, प्रबंध नियंत्रण पद्धति और वित्तीय सेवायें शामिल हैं।

क्षेत्र के सदस्यों ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारियों जैसे डीन, चेयरपर्सन पीजीपी, चेयर पर्सन-एम डी पी, समन्वयकर्ता-प्रवेश, समन्वय कर्ता-वित्तीय सहायता समिति, को पूरा किया।

इस वर्ष के दौरान बेंगलूर के एक वरिष्ठ चार्टर्ड एकाउंटेंट श्री एस. सुंदरराजन की क्षेत्र में एसोशिएट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति हुई। एक सदस्य, प्रोफेसर प्रेमचन्दर 1 अक्तूबर 1991 से ई एफ एम डी विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत 10 माह के लिए मानचेस्टर बिज़िनेस स्कूल में गए।

### 2.3.3. विपणन

पी जी पी, एफ पी एम, एम डी पी और ओ बी पी में विपणन के पाठ्यक्रमों को चलाने के साथ-साथ विपणन क्षेत्र ने 5 प्रबंध विकास कार्यक्रम आयोजित किए (इन्हें प्रबंध विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत रखा गया है)।

क्षेत्र में विदेशों से निम्नलिखित अतिथि प्रोफेसर आए:

डा० सुधीन्द्रा शेषाद्रि, प्रोफेसर
मेरिलैंड यूनिवर्सिटी, कालेज पार्क,
यू.एस.ए.

डा० ए. परशुरामन, प्रोफेसर टेक्सास
ए एंड एम यूनिवर्सिटी, यू.एस.ए.

डा० पी. राजन वरदराजन, फौले प्रोफेसर
ऑफ रिटेलिंग एंड मार्केटिंग स्टडीज़,
टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी यू.एस.ए.

प्रोफेसर सुब्रोतो सेनगुप्ता,
आई आई एम कलकत्ता

प्रोफेसर दिपांकर चक्रवर्ती,
डिपार्टमेंट ऑफ मार्केटिंग,
कार्ल एलर ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मेनेजमेंट,
यूनिवर्सिटी ऑफ अरिज़ोना, यू.एस.ए.

### 2.3.4 संगठनात्मक व्यवहार, कार्मिक प्रबंध और औद्योगिक संबंध

क्षेत्र के पी जी पी और एफ पी एम विद्यार्थियों को कोर/मूल और ऐच्छिक विषय प्रदान किए। क्षेत्र के सदस्यों ने औद्योगिक शांति, संगठनात्मक उन्नीत व नवीनीकरण, संगठनात्मक ढांचों के डिज़ाइन, निष्पादन मूल्यांकन पद्धति और संस्थागत व्यवहार विषयों पर शोध व परामर्शी प्रयास जारी रखे। क्षेत्र ने शिल्प वैज्ञानिकों के लिए एक क्रियात्मक प्रबंध कार्यक्रम प्रारम्भ किया और इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### 2.3.5 उत्पादन एवं प्रचालन प्रबंध

क्षेत्र ने पी जी पी और फैलोशिप विद्यार्थियों को उत्पादन और प्रचालन प्रबंध पर मूल और ऐच्छिक विषय पढ़ाए।

क्षेत्र ने सामग्री, उत्पादकता और परियोजना प्रबंध पर एम डी पी प्रदान किए और अनेक ओ बी पी में संलग्न रहा। क्षेत्र के सदस्य उत्पादन एवं प्रचानल प्रबंध से संबद्ध परामर्श और शोध से भी जुड़े रहे।

प्रोफेसर जनत शाह और एल एस मूर्ती की इस वर्ष संकाय में नियुक्ति हुई।

### 2.3.6 मात्रात्मक प्रणाली और सूचना पद्धति

क्षेत्र ने पीजीपी और एफ पी एम के लिए तीन कोर तथा पांच ऐच्छिक पाठ्यक्रम चलाये।

क्षेत्र ने केन्द्रीय रेशम बोर्ड के लिए तीन सप्ताह प्रत्येक के तीन ओ बी पी भी चलाये। संकाय सदस्यों ने मॉडलिंग, निर्यात पद्धति, ज्ञानाधारित पद्धतियों, और निर्णय समर्थक पद्धतियों जैसे विषयों पर अनुसंधान में सक्रियतापूर्वक भाग लिया।

क्षेत्र के सदस्यों ने कम्प्यूटर केन्द्र की गतिविधियों में भी सहयोग दिया।

## 2.4 सेक्टर

### 2.4.1 कृषि तथा ग्रामीण विकास

सेक्टर द्वारा पीजीपी के लिए तीन पाठ्क्रम-कृषि संसाधन प्रबंधन, ग्रामीण विपणन तथा कृषि वित्त एवं ऋण चलाये गये। सेक्टर ने मुर्गी पालन उद्योग से संबंधित एक परामर्शी परियोजना, जिसका शीर्षक "भारत में मुर्गी पालन उद्योग का विकास" था, पूरा किया। साथ ही एक अनुसंधान अध्ययन भी पूरा किया, जिसका शीर्षक था - "संस्था को सुदृढ़ करने के लिए संस्थागत व्यवस्था के विस्तार व सुझावों पर अनुसंधानकार्य"। दो और परामर्शी परियोजनाएँ चल रही थीं, जिनमें से एक "मध्य प्रदेश में सिंचित कृषि के लिए जनबल आयोजना मूल्यांकन अध्ययन" तथा दूसरी "कोठारी इंडस्ट्रियल कार्पोरेशन लि० के बागवानी प्रभाग के लिए कम्प्यूटर आधारित सूचना पद्धति" पर थी। सेक्टर ने पाँच संगठन आधारित कार्यक्रम स्वतंत्र रूप से या संयुक्त रूप से भी चलाये। केन्द्रीय रेशम बोर्ड के लिए तीन कार्यक्रम "कम्प्यूटर आधारित अर्थशास्त्र सांख्यिकी, परियोजना प्रबंधन और प्रबंधन आसूचना प्रणाली" पर, राष्ट्रीय सहकारी

विकास निगम के लिए एक कार्यक्रम "शाक एवं फल विपणन सहकारिता" पर चलाया गया, इसमें प्रबंध निदेशक एवं प्रबंधकों ने भाग लिया। इसके अलावा कोठारी कृषि प्रबंधन केन्द्र, कूनूर की ओर से बागवानी प्रबंधकों के लिए भी एक कार्यक्रम चलाया गया। इन ओ बी पी के साथ-साथ सेक्टर ने सामान्य प्रबंधन क्षेत्र में एक 15 दिन का एम डी पी भी चलाया।

### 2.4.2 ऊर्जा प्रबंधन

ऊर्जा सेक्टर द्वारा पीजीपी के लिए "ऊर्जा प्रणाली प्रबंधन" पर पर्यावलोकन पाठ्यक्रमों का आयोजन जारी रखा गया। इस सेक्टर के संकाय सदस्यों ने निम्नलिखित पी जी पी पाठ्यक्रम भी चलाये: अर्थशास्त्र-1, सार्वजनिक नीति संबंधी मुद्दे तथा परियोजना के पर्यावरण का मूल्यांकन, एवं सार्वजनिक उद्यम प्रबंधन पर पाठ्यक्रम में भी आंशिक सहयोग दिया।

फैलो कार्यक्रम में सेक्टर संकाय सदस्यों ने अनुसंधान कार्यप्रणाली-11 पाठ्यक्रम का समन्वयन किया और फैलो विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। संकाय सदस्यों ने एम डी पी, आई ए एस अधिकारियों के लिए ओ बी पी तथा सेवाकालीन प्रबंधन विकास कार्यक्रमों में व्याख्यान भी दिये।

#### 2.4.2.1 अनुसंधान

अफ्रीकन एनर्जी पॉलिसी रिसर्च नेटवर्क (ए एफ आर ई पी आर ई एन) के साथ सहयोग कार्य जारी रहा। "अफ्रीका में ग्रामीण विद्युतीकरण" पर पुस्तक पूरी की गयी और इसे जेड प्रेस, यू.के. द्वारा प्रकाशित किया जाएगा। सेक्टर द्वारा निम्नलिखित क्षेत्रों में अनुसंधान जारी रखा गया:

* विद्युत निजीकरण
* विकेन्द्रीकृत ऊर्जा स्रोतों का आर्थिक मूल्यांकन
* जंगल से मिलनेवाली लकड़ी की आपूर्ति के संबंध में अनुमान
* तेल अन्वेषण के मामले में नीतिपरक निर्णय लेना
* पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन: सिंचाई एवं पॉवर परियोजनाओं के पुनर्वास संबंधी मुद्दे
* खनिज संसाधन प्राप्त करते समय पर्यावरण एवं संरक्षण: कोयला

#### 2.4.2.2 अनुसंधान पेपर:

क्षेत्र द्वारा निम्नलिखित अनुसंधान पेपर निकाले गये:

"इलेक्ट्रिसिटी टैरिफ्स इन कनार्टक" एफ पी डब्ल्यू. 25 मई 1991

"रूरल इलैक्ट्रिफिकेशन रीविजीटेड", एनर्जी पॉलिसि में स्वीकृत, आगामी अक्तूबर 1992 अंक के लिए

इलैक्ट्रिसिटी प्राइवेटाइजेन" फ्रांस में मई 1992 में होनेवाले आई ए ई ई सम्मेलन के लिए स्वीकृत पेपर

"इश्यूज़ इन एनर्जी डिमांड फोरकास्टिंग" अप्रैल 1992 में ए एफ आर ई पी आर ई एन कार्यशाला में प्रस्तुत किया गया

"इकॉनॉमिक्स ऑफ बायोगैस" पर पेपर को संशोधित किया गया और उसे पैसिफिक एंड एशियन जर्नल ऑफ एनर्जी को भेजा गया

सेक्टर ने मौरीशस में विद्युत शक्ति प्लांट निर्माण के लिए, भारतीय फर्मों के संघ के साथ मिलकर, आयोजना एवं प्रबंधन निवेशों के द्वारा निविदा रकम को बढ़ाते हुए, एक अंतरराष्ट्रीय निविदा प्रस्तुत की।

ऊर्जा के विकेन्द्रीकरण पर सेक्टर के द्वारा किये गये कार्य का उपयोग करते हुए राज्य सरकार, इस समय कर्नाटक में विंड फार्म स्थापित करने की ओर ध्यान दे रही है।

### 2.4.3 शिक्षा प्रबंधन

सेक्टर के संकाय सदस्यों ने पी जी पी छात्रों को "शिक्षा पद्धति के प्रबंधन" पर पाठ्यक्रम पढ़ाया।

वर्ष के दौरान निम्नलिखित अध्यापन किये गये:

* भारतीय विश्वविद्यालयों का वित्तीय प्रबंधन
* प्रबंधन शिक्षा का विश्लेषणात्मक अध्ययन

### 2.4.4 जनसंख्या तथा स्वास्थ्य प्रबंधन

केन्द्र ने एफ पी एम - "अस्पताल-सहायक सेवाओं का प्रबंधन-1" पर एक विशेषज्ञ पाठ्यक्रम चलाया।

डबल्यू एच ओ द्वारा प्रायोजित अध्ययन "डिटर्मिनेंट्स ऑफ कान्ट्रासेप्टिव यूज़ डायनैमिक्स" का क्षेत्र कार्य पूरा किया गया और एक प्राथमिक रिपोर्ट डब्ल्यू एच ओ को भेजी गयी। इस रिपोर्ट को प्रेस की ओर से काफी प्रचार-प्रसार मिला। एक विस्तृत रिपोर्ट निर्माणाधीन है। फोर्ड फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित एक अन्य अनुसंधान अध्ययन - "शिशु जीवन पर मातृशिक्षा का प्रभाव" प्रगति पर था। डब्ल्यू एच ओ द्वारा प्रायोजित एक अन्य

अनुसंधान परियोजना-"समय का सदुपयोग एवं स्वास्थ्य समूहों के चयनित जनबल संवर्गों की उत्पादकता" पूरी की गयी और रिपोर्ट प्रायोजक संगठन को भेजी गयी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, नई दिल्ली द्वारा हेल्थ मैनेजमेंट कन्सार्शियम के सहयोग के प्रायोजित एक अन्य अध्ययन "छह राज्यों में स्वास्थ्य देखरेख डिलिवरी सिस्टम का प्रबंधन एवं संरचना" शुरू किया गया।

आई आई एम-बी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के स्वास्थ्य प्रबंध संकाय की 5वीं बैठक का मई 10 और 11, 1991 को आयोजन किया। बैठक में विभिन्न प्रबंध और स्वास्थ्य शोध संस्थानों के 17 सदस्यों ने भाग लिया। स्वास्थ्य प्रबंध संकाय, 25 प्रबंध और स्वास्थ्य शोध संस्थानों का एक समूह है। इसके सदस्यों मे राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान, नई दिल्ली, चार भारतीय प्रबंध संस्थान के सदस्य, और इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इन गवर्नमेंट, त्रिवेन्द्रम शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य भाग लेने वाले संस्थानों की सामूहिक/नैगम गतिविधियों को बढ़ाना और स्वास्थ्य प्रबंध में उनकी गतिविधियों को मज़बूती प्रदान करना है।

सेक्टर ने अन्य क्षेत्रों सेक्टर के आई आई एम संकाय के अनुशासनिक समूह को एकत्रित किया और भारत सरकार, समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रायोजित संगठित शिशु विकास सेवा (आई सी डी सी) अधिकारियों के प्रबंध प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए प्रशिक्षण मॉडल तैयार किया। स्वास्थ्य प्रबंध संकाय के सहयोग से सेक्टर के संकाय सदस्यों ने जिला स्वास्थ्य पद्धति प्रबंधक के दूरस्थ शिक्षा के लिए प्रशिक्षण विकास मॉडल में कार्य किया।

**2.4.4.3 यू.एन.द्वारा निर्दिष्ट कार्य पर रिपोर्ट:**

सेक्टर ने निम्नलिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की:

"सलतनत ऑफ ओमन के लिए जनबल विकास योजना" : 1991-95, डब्ल्यू एच ओ - अलेक्सेंड्रिया, 1991.

"सलतनत ऑफ ओमन में स्वास्थ्य (एच आर एच) नीति के लिए मानव संसाधन एक वृत्त अध्ययन", डब्ल्यू एच ओ - अलेक्सेंड्रिया, 1991.

**2.4.4.4सम्मेलन पेपर:**

सेक्टर द्वारा निम्नलिखित सम्मेलन पेपर निकाले गये:

माताओं की मृत्युदर - एक दक्षिण भारतीय अध्ययन", इसे मातृ एवं नव प्रसव स्वास्थ्य पर बैनडंग इंडोनेशिया में 11 से 14 सितंबर 1991 तक आयोजित चतुर्थ अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस में प्रस्तुत किया गया।

सेक्टर संकाय सदस्यों ने राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय संगठनों के कई वैज्ञानिक एडवाइज़री मंडलों तथा कई समितियों को सहयोग प्रदान किया।

### 2.4.5 मानव रिहायश और पर्यावरण संबंधी अध्ययन

वर्ष के दौरान सेक्टर संकाय सदस्यों की शिक्षण, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं परामर्श से संबंधित गतिविधियां मानव रिहायश के प्रबंधन एवं नीतिपरक मुद्दों पर ही केंद्रित रही। "शहरी रिहायश : संरचना, आयोजना एवं प्रबंधन" पर एक पाठ्यक्रम पी जी पी छात्रों के लिए चलाया गया।

नेशनल साइंस फाउंडेशन यू एस ए तथा यूनिवर्सिटी ऑफ ई ओवा द्वारा प्रायोजित "सेवाओं तक पहुँच को बेहतर बनाने के लिए निर्णय-सहायक पद्धति को विकसित करना" विषय पर अनुसंधान अध्ययन को वर्ष के दौरान जारी रखा गया। परियोजना की गतिविधियों के अंतर्गत, अगस्त 5 और 6, 1991 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों की बैठक बुलायी गयी। ऑपरेशन्स रिसर्च सोसायटी ऑफ अमेरिका तथा दी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस (ओआरएसए/टीआई एमएस) द्वारा मई 12 से 15, 1991 तक नैशविले में आयोजित सम्मेलन में भाग लेने के लिए डा० विनोद तिवारी ने यू.एस.ए. का दौरा किया। श्री पुनीत किशोर, छात्र-पी.एच.डी.-यूनिवर्सिटी ऑफ विसकानसिन, मेडिसन, यू.एस.ए., अपने पी.एच.डी कार्य को पूरा करने के लिए सेक्टर से जुड़े रहे। श्री संजय गायेल, संस्थान के एफ.पी.एम. छात्र को उनके शोध प्रबंध को पूरा करने में, सेक्टर संकाय से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

प्रोफेसर सुब्बरायन प्रसन्ना एवं के.एम.अनंतरामय्या ने "हडसन सर्कल, बेंगलूर पर फ्लाई ओवर तथा सब-वे बनाने के नगर निगम के प्रस्ताव का मूल्यांकन" विषय पर अध्ययन पूरा किया। यह कार्य अर्बन आर्ट कमीशन के अनुरोध पर लिया गया था ताकि उस स्थान पर यातायात योजना एवं डिज़ाइन तैयार करने के संबंध में, कमीशन उचित निर्णय ले सके।

### 2.4.6 परिवहन अध्ययन

सेक्टर ने कई प्रायोजित अनुसंधान/परामर्श परियोजनाओं में सहयोग दिया, जिन्हें परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य सरकारों का आर्थिक सहयोग प्राप्त था।

ग्रामीण परिवहन पर एक परियोजना पूरी की गयी, जिसमें भारत के आठ विभिन्न राज्यों को कवर करते हुए ग्रामीण परिवहन के क्षेत्र में पिछले दस सालों 1978-79 से लेकर 1988-89 तक, के दौरान हुये परिवर्तनों का मूल्यांकन करने का प्रयास किया गया था। इस अध्ययन में निम्नलिखित को शामिल किया गया:

ए) निर्धारित आकार एवं पहुँच के अनुसार परिवहन के विभिन्न साधनों को प्राप्त करना

बी) निर्धारित आकार, घरेलू आय एवं वाहन स्वामित्व के अनुसार ग्रामीण परिवहन की मांग

सी) वाणिज्यिक संगठनों, ग्रामीण उद्योगों एवं ग्रामीण विपणन के लिए परिवहन की मांग और

डी) पहुँच एवं आय में परिवहन के अनुसार परिवहन के विभिन्न साधनों के प्रयोग में परिवर्तन।

अध्ययन से प्राप्त प्रमुख जानकारी:-

* बायो ऊर्जा साधनों (बैलगाड़ी तथा सिर पर बोझ उठाना) के स्थान पर पैट्रोलियम साधनों (मोटर वाले वाहन) को प्रयोग में लाया जाने लगा है।
* यातायात प्रयोग का 57.7 प्रतिशत भाग ट्रक तथा 25 प्रतिशत भाग ट्रैक्टर थे। इस प्रकार मोटरवाले साधन, कुल परिवहन में से लगभग 83 प्रतिशत थे। पिछले दस वर्षों मे पशुगाड़ियों का प्रतिशत 65 से कम होकर 15/टन किलोमीटर हो गया।
* पिछले दस वर्षों में परिवहन की मांग 694 मिलियन टन से बढ़कर 891 मिलियन टन हो गयी।
* यातायात का प्रयोग टन-किलोमीटर में 2694 मिलियन से बढ़कर 9069मिलियन हो गया है।

सेक्टर संकाय सदस्यों ने यातायात एवं परिवहन के क्षेत्र में लागू करने के लिए कई कम्प्यूटर पैकेज तैयार किये हैं। सेक्टर अपना पूरा प्रयास कर रहा है कि यातायात एवं परिवहन योजना, परिवहन परियोजनाओं में निवेश संबंधी फैसलों और परिवहन नीति के पर्यावरण पर प्रभाव पर, आधुनिक प्रबंध तकनीक को बढ़ावा दिया जाए।

## 2.5 केन्द्र

### 2.5.1 अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन केन्द्र

अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन शिक्षा पर यू एन डी पी परियोजना के अधीन, वर्ष के दौरान 8 संकाय सदस्य फैलोशिप पर विदेशों के दौरे पर गये।

कुल 12 विशेषज्ञ परामर्शदाता लगभग एक-एक सप्ताह के लिए संस्थान के दौरे पर आये।

शैक्षिक वर्ष के दौरान केन्द्र के सदस्यों ने 6 ऐच्छिक पाठ्यक्रम चलाये और कई शोध पेपर, केस तथा समीक्षाएं प्रस्तुत कीं।

# 3. प्रबंधन विकास कार्यक्रम

वर्ष 1991-92 के दौरान 11 एम डी पी आयोजित किये गये। इन कार्यक्रमों की औसत अवधि 4.1 दिन थी। औसत प्रतिभागिता प्रति एम डी पी 19 थी। पूर्व घोषित 16 एम डी पी में से 5 कार्यक्रम नामांकन की कमी की वजह से रद्द करने पड़े।

प्रति कार्यक्रम प्रतिभागियों की संख्या बढ़ाने के लिए तथा नामांकन रद्द करने की संख्या को घटाने के लिए एम डी पी के लिए एक नयी संशोधितनीति तैयार की गयी। नीति के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं:

* दीर्घावधि कार्यक्रमों कि संख्या को कम करना
* संकाय तथा विभिन्न कार्यक्रमों की विषय वस्तु को विस्तृत करना
* शिक्षा की केस प्रणाली पर अधिक निर्भर रहना।

ग्राफिक्स व्यवसाय में लगे व्यावसायिकों की सहायता से ब्रोशर के डिज़ाइन तथा प्रस्तुतीकरण में सुधार लाया गया। ब्रोशर प्रेषण सूची को संशोधित तथा अद्यतन किया गया है। नामांकनों तथा विषयवस्तु की समीक्षा के लिए एक कैलेंडर का कड़ाई से पालन किया जा रहा है, ताकि अनायोजित तथा अंतिम क्षणों में होने वाले रद्दीकरण से बचा जा सके।

## 3.1 आयोजित एम डी पी

अप्रैल 1, 1991 से मार्च 31, 1992 तक के बीच आयोजित ग्यारह प्रबंध विकास कार्यक्रमों में कुल प्रतिभागिता 213 रही, जिनमें प्रतिभागिता दिवसों की संख्या 852 थी। औसत प्रतिभागिता 19 रही और प्रति कार्यक्रम औसत अवधि 4.1 दिन थी। 11 एम.डी.पी. का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| क्रमांक | कार्यक्रम | दिनांक | अवधि (दिन) | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सेवा विपणन में उत्कृष्टता प्राप्त करना | 26-27 जुलाई 91 | 2 | 24 |
| 2. | क्रय तथा सामग्री प्रबंधन | 29 जुलाई-1 अगस्त 92 | 4 | 22 |
| 3. | बाज़ार चालित तकनीक प्रबंध | 16-18 सितंबर 92 | 3 | 13 |
| 4. | क्रय संबंधी बातचीत | 26-27 सितंबर 92 | 2 | 32 |
| 5. | नीति परक आयोजन | 11-16 नवंबर 92 | 6 | 18 |
| 6. | सामान्य प्रबंधन | 25 नवंबर-7 दिसंबर | 12 | 12 |
| 7. | वित्तीय विश्लेषण - आधुनिक प्रगति | 9-12 दिसंबर 92 | 4 | 35 |
| 8. | नीतिपरक विपणन प्रभाविता (उपभोक्ता उत्पाद) | 9-12 दिसंबर 92 | 4 | 14 |
| 9. | गैर वित्त कार्यपालकों के लिए वित्त | 6-10 जनवरी 92 | 5 | 18 |
| 10. | उत्पादकता प्रबंधन | 15-17 जनवरी 92 | 3 | 13 |
| 11. | नीतिपरक विपणन के बाज़ार शोध | 24-26 फरवरी 92 | 3 | 12 |

### 3.1.1 प्रतिभागिता

| क्रमांक | कुल प्रतिभागी | दिनों की कुल संख्या | औसत अवधि | औसत प्रतिभागिता |
|---|---|---|---|---|
| 11 | 213 | 45 | 4.1 | 19 |

निजी क्षेत्र : 160
सार्वजनिक क्षेत्र : 30
सरकारी : 23

### 3.1.2 क्षेत्रवार विश्लेपित आंकड़े

| क्षेत्र | कार्यक्रम | | |
|---|---|---|---|
| | प्रस्तावित | रद्द | आयोजित |
| सामान्य प्रबंधन | 2 | - | 2 |
| वित्त एवं नियंत्रण | 4 | 2 | 2 |
| विपणन | 6 | 1 | 5 |
| पी ओ एम ए | 3 | 1 | 2 |
| क्यू एम आई एस | - | - | - |
| ओ बी आई आर | 1 | 1 | - |
| कुल | 16 | 5 | 11 |

### 3.1.3 त्रिमाह स्वस्थ्य प्रबंधन एम डी पी

स्वास्थ्य प्रबंधन में त्रिमाह प्रमाण पत्र एम डी पी दिनांक 31 मई 1991 को समाप्त हुआ। छह डाक्टरों ने प्रमाण पत्र प्राप्त किये।

# 4. संगठन आधारित कार्यक्रम

संस्थान ने 15 संगठन आधारित कार्यक्रम आयोजित किये, जिनमें कुल 306 कार्यपालकों ने भाग लिया। इनमें से सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (एमेएमटीसी एवं बी ई एल) तथा आई ए एस अधिकारियों के लिए तीन-तीन ओ बी पी चलाये गये, दो कार्यक्रम केन्द्रीय रेशम बोर्ड, तथा एक कॉयर बोर्ड के लिए था। दो ओ बी पी निजी क्षेत्र संगठनों-हिंदुस्तान मोटर्स तथा कोठारी इंडस्ट्रीज़ कार्पोरेशन के लिए आयोजित किये गये थे।

## 4.1 चलाये गये ओ बी पी

| क्रमांक | संगठन/शीर्षक | दिनांक | अवधि/दिन | प्रतिभागियों की सं० |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आई ए एस अधिकारी सामान्य प्रबंधन | 12-30 अगस्त 91 | 16 | 23 |
| 2. | हिन्दुस्तान मोटर्स लि० वित्तीय प्रबंधन | 2-7 सितंबर 91 | 6 | 20 |
| 3. | कॉयर बोर्ड शोरूम प्रबंधकों के लिए बिक्री प्रबंधन | 2-4 सितंबर 91 | 3 | 19 |
| 4. | एम एम डी सी सामान्य प्रबंधन | 23 सितंबर-3 अक्तूबर 91 | 9 | 25 |
| 5. | केन्द्रीय रेशम बोर्ड अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, वित्त एवं परियोजना प्रबंधन में कम्प्यूटर का उपयोग | 14 अक्तूबर-1 नवंबर 91 | 16 | 20 |
| 6. | बी ई एल प्रभावी विपणन | 21 अक्तूबर - 2 नवंबर 91 | 12 | 18 |
| 7. | सरकारी आई ए एस अधिकारी वित्तीय प्रबंधन स्तर-11 | 11-15 नवंबर - 91 | 5 | 24 |
| 8. | सरकारी आई ए एस अधिकारी वित्तीय प्रबंधन स्तर-11 | 16-20 दिसंबर - 91 | 5 | 21 |
| 9. | एन सी डी सी फल एवं शाक सहकारियों के प्रबंधकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम | 16-20 दिसंबर - 91 | 5 | 20 |
| 10. | राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (एनआईएचएफ डब्ल्यू) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 26 दिसंबर - 91-5 जनवरी - 92 | 10 | 16 |
| 11. | कोठारी इंडस्ट्रीयल कार्पो.लि. ओबीपी-सामान्य प्रबंधन | 6-11 जनवरी-92 | 6 | 17 |
| 12. | आयुध फैक्टरी भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 8-21 जनवरी - 92 | 12 | 18 |
| 13. | एमएमटीसी के अधिकारियों के लिए सामान्य प्रबंधन | 3-13 फरवरी - 92 | 10 | 24 |
| 14. | केन्द्रीय रेशम बोर्ड अर्थशास्त्र, सांख्यिकी वित्त एवं परियोजना प्रबंधन में कम्प्यूटर का प्रयोग | 17 फरवरी - 7 मार्च - 92 | 18 | 21 |
| 15. | प्लांट प्रबंधन संस्थान विपणन पर कार्यक्रम | 9-11 मार्च - 92 | 3 | 20 |

### 4.1.1 प्रतिभागिता

| क्रमांक | प्रतिभागियों की संख्या | दिनों की संख्या | प्रतिभागी दिनों की संख्या | औसत अवधि | औसत प्रतिभागिता |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 306 | 136 | 2,787 | 9 | 20 |

# 5. अनुसन्धान

वर्ष के दौरान संकाय सदस्यों ने चार शोध परियोजनाएँ पूरी कीं और 8 नयी परियोजनाएँ शुरू कीं। विभिन्न संगठनों जैसे नेशनल साईंस फाउंडेशन, वाशिंग्टन डी.सी., डब्लयू एच ओ, स्विटज़र लैंड, फोर्ड फाउंडेशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, नई दिल्ली, मद्रास रिफाइनरीज़ लि०, मद्रास तथा राष्ट्रीय शैक्षणिक आयोजना एवं प्रशासन संस्थान नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 23 परियोजनाएँ चल रही हैं।

### 5.1 पूरी की गयी परियोजनाएँ

वर्ष के दौरान निम्नलिखित चार शोध परियोजनाएँ पूरी की गयीं:

| | परियोजना | आर्थिक सहायता देनेवाली एजेंसी |
|---|---|---|
| 1. | अंतरराष्ट्रीय कारोबार में संबंधों का वातावरण | आई आई एम-बी |
| 2. | भारत 2000 ए.डी. के लिए परिगणनीय सामान्य संतुलन मॉडल | आई आई एम-बी |
| 3. | ग्राहक सेवा संबंधी मामलों पर विचार | आई आई एम-बी |
| 4. | संस्थागत व्यवस्थाओं के विस्तार हेतु शोध सहयोग तथा उन्हें सुदृढ़ करने के लिए सुझाव | कृषि मंत्रालय, विस्तार विभाग, नई दिल्ली |

### 5.2 प्रारम्भ की गयी परियोजनाएँ

वर्ष के दौरान आठ नयी शोध परियोजनाएँ शुरू की गयीं:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कामकाजी महिलाओं में भूमिका संघर्ष | आई आई एम-बी |
| 2. | बाहरी ऋणों का प्रबंधन | आई आई एम-बी |
| 3. | ग्राहक संबंधी मामलों पर विचार | आई आई एम-बी |
| 4. | पूर्वी यूरोप में आर्थिक सुधारों की वर्तमान स्थिति | आई आई एम-बी |
| 5. | अल्पविकसित देशों के विकास में यू.एन.एजेंसियों की भूमिका-नीति संबंधी मुद्दे एवं परिदृश्य | आई आई एम-बी |
| 6. | सेवा विज्ञापन | आई आई एम-बी |
| 7. | सामाजिक परिवर्तन का प्रबंध- आई आई एम स्नातकों का केस अध्ययन | आई आई एम-बी |
| 8. | यातायात सिग्नलों का डिजाइन तैयार करना और ट्रांसिट (टीआरएएनएसवाईटी) का प्रयोग करते हुए उन्हें आपस में जोड़ना | बेंगलूर नगर निगम |

## 5.3 चल रही परियोजनाएँ

निम्नलिखित 23 शोध परियोजनाएँ वर्ष के दौरान चल रही थीं:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सफेद पोश तथा व्यावसायिक कर्मचारियों में संघीकरण | आई आई एम-बी |
| 2. | प्रबंधन अध्यापकों की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं का सर्वेक्षण | आई आई एम-बी |
| 3. | विकर्षक संगठनात्मक संस्कृति को बनाये रखने एवं उसके विकास की प्रक्रिया | आई आई एम-बी |
| 4. | स्टॉफ कीमतों को बनाने के लिए वित्तीय आंकड़ों का प्रयोग | आई आई एम-बी |
| 5. | भारतीय पूँजी बाज़ार में नये शेयरों का निष्पादन | आई आई एम-बी |
| 6. | 1970-71 तथा 1986-87 के बीच क्षेत्रीय प्रति व्यक्ति आय में परिवर्तन के पैटर्न का तुलनात्मक अध्ययन | आई आई एम-बी |
| 7. | कर्नाटक में पंचायतराज का प्रबंध | आई आई एम-बी |
| 8. | प्राथमिक विद्यालयों का प्रबंध | आई आई एम-बी |
| 9. | कर्नाटक के चयनित महाविद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों का मूल्यांकन | आई आई एम-बी |
| 10. | दक्षिणी क्षेत्र में प्रबंध शिक्षा का विश्लेषणात्मक अध्ययन | आई आई एम-बी |
| 11. | प्राथमिक स्वास्थ्य में परंपरावादी मैडिकल प्रैक्टिशनरों की भूमिका | आई आई एम-बी |
| 12. | एक या दो राज्यों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागों के सामने आनेवाली कठिनाइयां | आई आई एम-बी |
| 13. | कोयला खनन उद्योग में लागत संघटक में संरचनात्मक परिवर्तन | आई आई एम-बी |
| 14. | आठवें दशक में भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाज़ार से ऋण लेना | आई आई एम-बी |
| 15. | चौराहों पर ट्रांसिट (टीआरएएनएसवाईटी) का प्रयोग करते हुए यातायात प्रबंधन | आई आई एम-बी |
| 16. | सेवा पद्धतियों की स्थानिक क्षमता को सुधारने के लिए डीएसएस का विकास | नेशनल साईंस फाउंडेशन, वाशिंगटन डीसी |
| 17. | गर्भनिरोधक उपयोग के निर्धारक | डब्ल्यूएचओ, स्विट्ज़रलैंड |
| 18. | शिशु जीवन पर मातृ शिक्षा का प्रभाव | फोर्ड फाउंडेशन |
| 19. | समय का सदुपयोग एवं स्वास्थ्य समूहों के चयनित जनबल संवर्गों की उत्पादकता | डब्ल्यूएचओ |
| 20. | छह राज्यों में स्वास्थ्य देखरेख डिलिवरी सिस्टम का प्रबंधन एवं संरचना | राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, नई दिल्ली. |

| | | |
|---|---|---|
| 21. | भारतीय विश्व विद्यालयों का वित्तीय प्रबंधन | राष्ट्रीय शैक्षणिक आयोजना एवं प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली. |
| 22. | औद्योगिक शांति के मामले | महिन्द्रा एंड महिन्द्रा, बंबई |
| 23. | भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र में दीर्घकालीन आयोजना | मद्रास रिफाइनरीज़ लिo मद्रास |

# 6. प्रकाशन

## 6.1 आई आई एम-बी मैनेजमेंट रिव्यू

आई आई एम-बी मैनेजमेंट रिव्यू संस्थान की छमाही पत्रिका है। वर्ष 1991 में संयुक्त वॉल्यूम (सं 1 तथा 2) प्रकाशित किया गया।

## 6.2 आई आई एम-बी न्यूज़

आई आई एम-बी न्यूज़, आई आई एम-बी समुदाय और इसके भूतपूर्व छात्रों से संबंधित कैंपस गतिविधियों/घटनाओं का मासिक प्रकाशन है। वर्ष 1991-92 के दौरान, इसके 12 अंक प्रकाशित करके संकाय, बोर्ड सदस्यों तथा भूतपूर्व छात्रों में परिचालित किये गये।

## 6.3 अन्य प्रकाशन

### 6.3.1 पुस्तकें

शिवरामु.एस., न्यू डायमेंशन्स इन एडवटाइज़िग मैनेजमेंट, नई दिल्ली: हिमालय पब्लिशिंग हाउस, 1991.

### 6.3.2 लेख

नयनतारा,
"शिक्षा को राजनीति से अलग करना",
कुरुक्षेत्र नई दिल्ली,
वॉल्यूम 39 (4) पृष्ठ 63-66, जनवरी 1991.

बिजूर एस.आर.,
"सुझाव योजना को लागू करना"
कर्नाटक पोलिस जर्नल,
जुलाई-सितंबर-1991.

मालती वी.गोपाल,
"शिक्षा तथा तकनीकी विकास-जापानियों से पाठ",
ऑर्गेनाइजेशनल मैनेजमेंट, जुलाई-सितंबर, 1991.

रणजीत धर
(दो अन्य लेखकों के साथ), "भारत की आठवीं और नवीं योजनाओं के लिए एक आशावादी मॉडल: मूलभूत आवश्यकताओं के विश्लेषण सहित", मॉडलिंग ऑफ लार्ज सिस्टम्स पर सम्मेलन, आई आई एम-ए20-21 अगस्त 1991.

भाटिया जे.सी., सनत कुमार एन.एस. तथा रामस्वामी एच: "गर्भनिरोधकों के उपयोग में परिवर्तनीयता: कर्नाटक राज्य, भारत में एक अध्ययन", प्रॉग्रेस इन ह्यूमन रीप्रोडक्शन रिसर्च, डब्ल्यू एच ओ, नवंबर 18, 1991.

रामनाथ नारायणस्वामी,
"सोवियत अर्थव्यवस्था: संक्रमण से बाज़ार तक",
इकॉनामिक एंड पोलिटिकल वीकली,
बंबई वाल्यूम 26 सं० 40, अक्तूबर 5, 1991.

चारी एस.एन
"गैर परम्परावादी वस्तुओं का भारत से यूरोनियन देशों को निर्यात" न्यूज़ लैटर ऑफ ईएफएमडी, ब्रूसेल्स, अक्तूबर 1991.

चारी.एस.एन
"सॉफ्टवेयर के लिए महाद्वीपीय अवसर", कम्प्यूटर टुडे, सितंबर, 1991.

चारी.एस.एन
"द जिट गासपेल", यशारिफ्ट वूर इकॉनॉमी, एन मैनेजमेंट, सितंबर 1991.

चारी.एस.एन,
विनोद ब्यासुलु: "भारत की आयोजना का प्रबंधन",
प्रिंटवेल पब्लिशर्स, जयपुर, दिसंबर 1991.

चारी.एस.एन,
"हम कब सार्वभौम हो पाएंगे", फाइनेंशियल एक्सप्रेस, नवंबर 29, 1991.

घोष बी:
"सार्वजनिक नीति की स्वास्थ्य संबंधी उलझनें" इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बेंगलूर, 1991 (संपादक)

घोष बी:
"पीएचसी में जनबल प्रबंधन के लिए प्रॉजेक्शन मॉडल", प्राइमरी हेल्थ केयर (संपादक)
सी.ए.के.येसुदियन, टाटाइंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज़, बंबई 1991.

घोष बी:
"कठिन परिश्रमरत बच्चे" (केस) सार्वजनिक नीति की स्वास्थ्य संबंधी उलझनें" इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बेंगलूर 1991.

घोष बी:
"भारत में झोंपड़-पट्टी" (केस) सार्वजनिक नीति की स्वास्थ्य संबंधी उलझनें, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बेंगलूर 1991.

घोष बी:
"अंतर-सेक्टर कार्य में नीति विश्लेषण की प्रणालियां" सार्वजनिक नीति की स्वास्थ्य संबंधी उलझनें, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बेंगलूर 1991

IIMB
तेजस्वि नावधीतमस्तु

घोष बी:
"सलतनत ऑफ ओमन में मानव संसाधन के लिए स्वास्थ्य जनबल विकास योजना, " यू.एन. एसाइनमेंट रिपोर्ट्स 1991-95. डब्ल्यू एच ओ अलेक्सेंड्रिया, 1991.

घोष बी:
"सलतनत ऑफ ओमन में मानव संसाधन के लिए स्वास्थ्य (एचआरएच) नीति," केस स्टडी, यूएन एसाइनमेंट रिपोर्ट्स डब्ल्यूएचओ. अलेक्सेंड्रिया, 1991

घोष बी:
"स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए मानव संसाधनों में प्रबंध निष्पादन का मूल्यांकन," इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बेंगलूर, 1991

रामनाथ नारायणस्वामी:
"मिखाइल गोर्बाचोव - अनभिप्रेत परिणामों की गाथा", इकॉनॉमिक एंड पोलिटिकल वीकली, बंबई, जनवरी 4, 1992

एम.आर.राव:
"संयुक्त आपूरण की बृहद समस्या", ओ आर एस आई का वार्षिक कन्वेंशन, 26-28 दिसंबर 1991. "भारत 2000 ए.डी. के लिए विविध क्षेत्रिए मॉडल" यूजी आई यीन (सं.) क्रिएटीव एंड इन्नोवेटिव एप्रोचेज टूद साइंस ऑफ मैनेजमेंट, टेक्सास, यू.एस.ए

शिवरामु.एस:
"विज्ञापनदाता एजेंसियां - सार्वजनिक तथा भारतीय परिदृश्य", प्रिटंवेल जयपुर 1991

आर. वैद्यनाथन,
"आतरिक व्यापार के बारे में बाहरी व्यक्ति के विचार" पायनियर नई दिल्ली, दिसंबर 27, 1991.

रेड्डी, एसटीएस,
"भूमि तथा जल संरक्षण के लिए देशी तरीके: कर्नाटक से एक अध्ययन" फार्म प्रैक्टिसिस एंड सॉयल एंडवाटर केसर्वेशन प्रोग्राम्स, संपादन श्री.जॉन एम.केर, प्रकाशक आई सी आर आई एस ए टी, हैदराबाद.

## 6.4. शोध पत्र

इंदिरा राजारामन,
"रुपये का व्यापार-संबंध बाह्य मूल्य: 1974-89" कौजल्गी वी.बी., देसिकन आर.एस, "सावधि ऋण मूल्यांकन के लिए वैविध्यपूर्ण निर्णय लेने का दृष्टिकोण," ओ आर एस आई के 24वें वार्षिक कन्वेंशन में दिसंबर 26-28, 1991 को बेंगलूर में.

जनत शाह,
